<u>संदेश</u>

विजयादशमी के पावन अवसर पर, मैं सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।

विजयादशमी का त्योहार अन्याय पर न्याय की विजय का उत्सव है। इस पर्व पर देश के विभिन्न भागों में धार्मिक एवं सांस्कृतिक उत्सव बड़े उल्लास के साथ मनाए जाते हैं।

यह पावन पर्व उच्च मानवीय आदर्शों के प्रति हमारी आस्था को और भी अधिक सुदृढ़ बनाने का अवसर है। मर्यादा, कर्तव्य-निष्ठा, आचरण की पवित्रता, विनम्रता एवं न्याय के लिए साहसपूर्ण संघर्ष की अनेक प्रेरक कहानियां विजयादशमी के त्योहार से जुड़ी हुई हैं। उन गाथाओं से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए।

श्रद्धा एवं उल्लास के इस अवसर पर, मैं सभी देशवासियों की सफलता, समृद्धि तथा खुशहाली की कामना करती हूं।

****